हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 202 देहरादून, बुधवार, 1 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



उत्तराखण्ड की झांकी को देश में प्रथम स्थान के लिये किया गया पुरस्कृत 3

## उत्तराखंड से जुड़ रहे हिमाचल कांस्टेबल भर्ती धांधली के तार

# सीबीआई का दून और हरिद्वार में छापा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। हिमाचल कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले के तार भी उत्तराखंड से जुड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वहां पकड़े गए जालसाजों के उत्तराखंड के कुछ शहरों में संबंध हैं। इन्हीं की तलाश में सीबीआई चंडीगढ़ की टीम ने देहरादून और हरिद्वार में छापे मारे।

स्थानीय सीबीआई ब्रांच की टीम को लेकर मंगलवार को कुछ लोगों से पूछताछ की गई। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी की बात सामने नहीं आई। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 1334 कांस्टेबलों की भर्ती के लिए 27 मार्च को ऑनलाइन परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा का परिणाम पांच अप्रैल को आया था। इसके बाद धांधली की बात सामने आई। छह मई को कांगड़ा में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसआईटी ने कई माह की जांच के दौरान 227 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें बहुत से अभ्यर्थी भी शामिल थे। पता चला कि इस परीक्षा के लिए पेपर लीक कराया गया था, लेकिन स्थानीय लोग इस जांच से नाखुश थे। हिमाचल में सरकार बदली तो जांच सीबीआई को सौंप दी गई। इस मामले में सीबीआई ने चंडीगढ़ ब्रांच में नवंबर में दो एफआईआर दर्ज कीं।

सूत्रों के अनुसार इस भर्ती धांधली में सामने आए कुछ लोगों के लिंक उत्तराखंड के कई शहरों में बताए जा रहे हैं। यहां पर बीते वर्ष कई भर्तियों की धांधली पकड़ी गई है। लिहाजा, सीबीआई इसे पुख्ता मानकर चल रही है। सीबीआई की टीम मंगलवार को देहरादून और हरिद्वार पहुंची। यहां स्थानीय सीबीआई की टीम को साथ लेकर कई जगह छापे मारे।

भर्ती धांधली में लोगों से पूछताछ के लिए चंडीगढ़ और देहरादून के 12 अफसर टीम में शामिल रहे। एक टीम ने हरिद्वार और दो टीमों ने देहरादून में दो जगहों पर तीन लोगों से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि इनके पास से सीबीआई को कोई साक्ष्य बरामद नहीं हुए हैं। ऐसे में दिनभर चली कार्रवाई के बाद टीम शाम पांच बजे चंडीगढ़ लौट गई।




## फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाले सेंटर का पर्दाफाश, 10 हजार रुपये में बेच रहे थे प्रमाणपत्र

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। पुलिस ने धारा पुलिस चौकी के ठीक सामने एमडीडीए कांप्लेक्स से एक फर्जी सर्टिफिकेट तैयार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। कार्यालय में 10वीं व 12वीं कक्षा की फर्जी डिग्री तैयार की जाती थी। यह डिग्रियां आठ से 10 हजार रुपये में बेची जा रही थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे की गिरफ्तारी के लिए टीमें मुजफ्फरनगर भेजी गई हैं।

पुलिस के अनुसार, एमडीडीए कांप्लेक्स में लंबे समय से एक कार्यालय चल रहा था जहां पर 10वीं व 12वीं के फर्जी सर्टिफिकेट तैयार किए जा रहे हैं। गिरोह ने एक नेशनल काउंसिल फार रिसर्च एजूकेशन नाम से ट्रस्ट बनाया हुआ था। इसी के नाम से वह सर्टिफिकेट जारी करते थे। पुलिस को इसकी सूचना मिली तो मंगलवार देर




शाम पुलिस ने कार्यालय में दबिश दी और कंप्यूटर अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी राम किशोर निवासी गाजीपुर बनारस यूपी को गिरफ्तार किया।

जांच में सामने आया कि ट्रस्ट किसी भी बोर्ड से एफिलिएटिड नहीं था। आरोपियों ने फर्जी सर्टिफिकेट तैयार किए थे। इन्हें स्कैन करके वह कंप्यूटर के माध्यम से किसी के भी नाम से सर्टिफिकेट तैयार कर देते थे। पुलिस को कंप्यूटर से बड़ी संख्या में फर्जी सर्टिफिकेट भी मिले हैं। बताया जा रहा है कि गिरोह केवल बिहार व अरुणाचल प्रदेश के रहने वाले युवाओं के ही सर्टिफिकेट तैयार कर रहा था।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी राम किशोर खुद पांचवीं पास है। उसने अपना भी 12वीं का सर्टिफिकेट फर्जी बनाया हुआ है। अब तक वह कई नौजवानों के फर्जी सर्टिफिकेट तैयार कर चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा उसके एक साथी के मुजफ्फरनगर में होने की जानकारी मिली है। पुलिस उसके बारे में भी छानबीन कर रही है।

## बारिश-बर्फबारी से कड़ाके की ठंड, आज उच्च हिमालयी क्षेत्रों में एवलांच का अलर्ट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। इस कारण ठिठुरन फिर से बढ़ गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री हाइवे बर्फबारी के कारण बंद रहे। वहीं आज मंगलवार को मौसम साफ बना रहा और चटख धूप खिलने से ठंड से राहत मिली। चमोली जिले औली में बर्फबारी के चलते औली सड़क मार्ग पर कीचड़ हो गया है। यहां बैंड के पास बर्फ से फिसलन हो रही है। जिससे वाहन फिसल रहे हैं और पर्यटकों, लोगों व आइटीबीपी के जवानों को भी आवाजाही में भारी दिक्कतें हो रही हैं। प्रदेशभर के ज्यादातर क्षेत्रों में रविवार शाम करीब छह बजे से शुरू हुई वर्षा सोमवार दोपहर तक जारी रही। इस दौरान सबसे कम तापमान केदारनाथ में माइनस 12 और अधिकतम तापमान ऊधमसिंह नगर में 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, मंगलवार से वर्षा और बर्फबारी से राहत मिलने के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुल्क रहने की संभावना है। चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, उत्तरकाशी के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच की चेतावनी दी गई है। वहीं, पंतनगर से इंडिगो की दिल्ली जाने वाली फ्लाइट मौसम के कारण रद हो गई। बर्फबारी से केदारनाथ धाम में पांच फीट तक बर्फ जम गई है। इसके बावजदू आइटीबीपी के जवान वहां सुरक्षा में तैनात हैं। वहीं जिले के 40 से अधिक गांव बर्फ से पूरी तरह प्रभावित हैं। गांवों में एक फीट से अधिक बर्फ जमी है। केदारनाथ धाम समेत तुंगनाथ, चोपता, मद्महेश्वर, त्रिजुगीनारायण, गौंडार, रांसी, मनसूना, चिरबटिया, पटांगडियां, बधाणीताल समेत ऊंचाई वाले सीमांत में 40 से अधिक गांव में गत रात्रि से वर्षा शुरू हुई थी।

## बर्फबारी से गुलजार हुईं उत्तराखंड की वादियां





# जोशीमठ में आपदा पीड़ित लोगों ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। नगर में भू धंसाव के कारण बेघर हुए लोगों और समर्थकों का धरना तहसील में मंगलवार को भी जारी रहा। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने धरने से पहले नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्र होकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बयान एकता और अखंडता के लिए खतरनाक है। संघर्ष समिति के संयोजनक अतुल सती ने कहा कि जोशीमठ के इतिहास के सबसे बड़े और अहिंसात्मक आन्दोलन को माओवादी ताकतों का आन्दोलन बताया जाना लोकतंत्र की हत्या है। कहा कि जब वर्ष 2019 में इसी जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के बैनतर तले हेलंग मारवाड़ी बाइपास सडक़ के विरोध में आन्दोलन हो रहा था तो ये वही महेन्द्र भट्ट हैं जो उस समय विधायक थे व संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के यहां पहुंचे थे। कहा कि जब संघर्ष समिति के पदाधिकारी उन्हें माओवादी नहीं लगे थे, लेकिन आज जब लोग परेशान हैं तो जनता की सुध लेने की बजाए बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं।



समिति के प्रवक्ता कमल रतूड़ी ने कहा कि चुनाव हारने के बाद भट्ट अपना मानसिक संतुलन खोने लगे हैं। इसलिए किसी राष्ट्रीय पार्टी को ऐसे बीमार व्यक्ति को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखना खतरनाक है। कहा कि यदि यह भाजपा का बयान नहीं है तो तुरंत भट्ट को पद मुक्त किया जाना चाहिए व उन्हें जोशीमठ की जनता से लिखित माफी मांगनी होगी।

मुख्य चौराहे में कारेड भरत कुंवर ने कहा कि सभी वाम दल भी उतने ही राष्ट्र भक्त हैं जितने बीजेपी या आरएसएस के लोग हैं, कहा कि महेन्द्र भट्ट अब राष्ट्रवाद का जोशीमठ में सार्टिफिकेट बांटना व गलत बयानबाजी करना बंद कर दें। मौके पर लोगों ने सरकार से जल्द विस्थापन एवं उचित मुआवजे की मांग की। कहा कि जब तक सभी प्रभावितों की मांगें पूरी नहीं हो जाती और सरकार यह लिख कर नहीं दे देती कि जोशीमठ का कौन कौन सा भाग सुरक्षित है व कौन सा भाग अब रहने योग्य नहीं है, आन्दोलन जारी रहेगा।

सुनील वार्ड के प्रकाश नेगी ने कहा कि महेंद्र भट्ट के बयान की निंदा की। कहा कि उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। मनोहरगाग की गीता परमार ने कहा कि उनका यह बयान बेतुका है। गांधीनगर वार्ड की पुष्पा देवी, अतुल सती, सीपीआईएमएल के गढ़वाल सचिव इंद्रेश मैखुरी ने भी उनके बयानबाजी पर दुख जताया है।

# आपदा प्रभावितों के साथ है सरकार : महेंद्र भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों के साथ सरकार है। माओवादी वाली बात मुंह से निकल गई। उन्होंने कहा कि सरकार जोशीमठ आपदा प्रभावितों के विस्थापन के प्रति संवेदनशील है। यह पहली सरकार है जिसने नागरिकों के सुझावों के आधार पर विस्थापन का निर्णय किया है। जन प्रतिनिधियों की समिति के सुझाव पर सरकार निर्णय ले रही है। भाजपा प्रदेश ने कहा कि वामपंथी संगठन और छात्र संगठन जोशीमठ के लोगों को भडक़ा रहे हैं। सोशल मीडिया पर जारी अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि जोशीमठ का व्यवसाय और चारधाम यात्रा प्रभावित हो ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने सोशल मीडिया में अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा जोशीमठ की स्थिति का समाधान करने में कुछ लोग व्यवधान करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। यहां के लोग राष्ट्र भक्त हैं। वामपंथी संगठन वहां के लोगों को भडक़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों की राय पर सरकार जोशीमठ का बेहतर से बेहतर ट्रीटमेंट करेगी। कहा कि कुछ लोग ऐसा माहौल उत्पन्न कर रहे हैं। ताकि यात्रा प्रभावित हो। कहा कि माओवाद मुंह से निकल गया था। जोशीमठ की जनता राष्ट्र भक्त है। वामपंथी लोग वहां की जनता को जबरदस्ती भडक़ा रहे हैं।

## सीलिंग के दौरान प्रॉपर्टी डीलर एचआरडीए टीम से उलझा

रुडक़ी। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान प्रॉपर्टी डीलर एचआरडीए कर्मियों से उलझ गया। बढ़ते विरोध को देखकर विभागीय टीम पीछे हट गई और उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने की बात कहकर वहां से रवाना हो गई। विभाग का कहना है कि शिकायत उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। सिलिंग के बजाए अब जेसीबी को लेकर मौके पर पहुंचा जाएगा।

इसके अलावा टीम ने मोहम्मदपुर मोहनपुरा, आसफनगर, माधोपुर और मंगलौर में अवैध प्लॉटिंग को सील किया। रुडक़ी के अलावा तहसील से सटे ग्रामीण इलाकों में नई बस्तियां बस रही है। शहर में अब जगह की कमी होने पर कृषि भूमि के स्थान पर प्लॉटिंग की जा रही है। जहां पर नई कॉलोनियों के विकसित होने का सिलसिला जारी है। हरिद्वार रुडक़ी विकास प्राधिकरण को काफी समय से देहात क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग की सूचना मिल रही थी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बयान से भडक़े कांग्रेसी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने जोशीमठ क्षेत्र के आपदाग्रस्त प्रभावितों के लिए गलत शब्द का प्रयोग किया है। कहा कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों परिजन लगभग पिछले एक माह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील परिसर में आंदोलनरत हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने आंदोलन कर रहे प्रभावितों के लिए बेतुका बयान दिया है। कांग्रेस पार्टी इस तरह के बेतुके बयान की घोर निंदा करती है। मंगलवार को जिला मुख्यालय गोपेश्वर पर नगर कांग्रेस कमेटी गोपेश्वर/ब्लॉक कांग्रेस दशोली कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बस स्टैण्ड मुख्य तिराहे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द् भट्ट के विरोध में जोरदार नारेबाजी व प्रर्दशन कर उनका पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष योगेंन्द्र सिंह बिष्ट,ब्लॉक अध्यक्ष गोविंन्द सजवाण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह पंवार अरविंद नेगी, प्रमोद बिष्ट, युद्धवीर वर्तवाल दीवान सिह बिष्ट, ऊषा रावत आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रुडक़ी। रंजिश के चलते युवक को गोली मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद तथा एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तमंचा और बाइक बरामद की है। आरोपी का चालान करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरजौली जट निवासी एक युवक को सोमवार को उस समय दो युवकों ने गोली मार दी थी जब वह गांव में स्थित परचून की दुकान पर कुछ सामान खरीदने गया था। घायल युवक को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। पीड़ित की पत्नी सुरक्षा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति संजय कुमार को उस समय दो युवकों ने गोली मार दी, जब वह घर के पीछे स्थित परचून की दुकान से सामान खरीदने के लिए गए थे। बताया गया कि आरोपियों ने रंजिश के चलते उस पर गोली चलाई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नारसन क्षेत्र से मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त किया गया तमंचा और बाइक भी बरामद की गई है। पकड़े गए आरोपी का नाम छोटू उर्फ जौनी कुमार निवासी हरजौली जट बताया गया। वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पश्चिम यूपी भागने की फिराक में था। उससे पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मैनवाल ने बताया कि आरोपी को चालान करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### इंजीनियर फैडरेशन अध्यक्ष को मानहानि की चेतावनी

देहरादून। पेयजल निगम के मुख्य अभियंता मुख्यालय सुरेश चंद्र पंत ने उत्तराखंड इंजीनियर फैडरेशन के अध्यक्ष को मानहानि का चेतावनी पत्र भेजा है। फैडरेशन पर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। उत्तराखंड इंजीनियर फैडरेशन के महासचिव जितेंद्र सिंह देव ने सोमवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर मुख्य अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए थे। आरोप लगाया था कि उनके स्तर से एक होटल में बैठक आयोजित कर इंजीनियरों को बुलाया गया। उन्हें आंदोलन के लिए उकसाने के आरोप लगाए। सीएम से जांच की मांग की थी। इस पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने को मुख्य अभियंता ने अपनी मानहानि बताया। फैडरेशन अध्यक्ष को मंगलवार को पत्र लिख कर आपत्ति दर्ज कराई। फैडरेशन के इस पत्र को इंजीनियर विरोधी गतिविधि बताया। कहा कि ये फैडरेशन की आचरण नियमावली के विरुद्ध है। कूट रचना कर निगम विरुद्ध साजिश रची गई। इसके खिलाफ उनके स्तर से मानहानि का केस दर्ज कराने को मजबूर होना पड़ेगा। कहा कि 29 जनवरी को पेयजल निगम के आंतरिक मामलों में विचार विमर्श को लेकर इंजीनियरों के अनुरोध पर बैठक हुई थी। इसमें सभी मुख्य अभियंता समेत बड़ी संख्या में इंजीनियर शामिल हुए थे।

### कार से 12 पेटी हरियाणा ब्रांड की शराब बरामद , दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। कार की सीट के नीचे और दरवाजों में चैंबर बनाकर हरियाणा ब्रांड की शराब छिपाकर ला रहे दो आरोपी रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए। आरोपियों से पुलिस ने 12 पेटी शराब बरामद की। इसमें तीन पेटी ब्लेंडर प्राइड, एक पेटी मैकडोवल और अन्य शराब रॉयल स्टैग ब्रांड की मिली। कार सीज करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि सोमवार देर रात हरियाणा ब्रांड की शराब लेकर शराब तस्कर के मालदेवता क्षेत्र से गुजरने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने गोपनीय तरीके से मालदेवता रोड पर दरोगा नवीन जोशी के नेतृत्व में चेकिंग शुरू की। इस दौरान दून नंबर की कार को रोका गया। कार की तलाशी ली तो उसमें सीट के नीचे चैंबर बना मिला। जिसमें शराब की बोतलें छिपाई हुई थी। इसके साथ ही आरोपियों ने दरवाजे के डेशबोर्ड के अंदर भी बोतल रखने का चैंबर बनाया हुआ था। दोनों जगहों से पुलिस ने कुल 12 पेटी शराब बरामद की। शराब मिलने पर कार सवार दोनों आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। उनकी पहचान मंगल सिंह निवासी डिफेंस कॉलोनी, देहरादून और मदन सिंह निवासी विजयपुर, हाथीबडक़ला के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में पता लगा कि दोनों आरोपी हरियाणा के पानीपत जिले से यह अवैध शराब खरीदकर लाए थे। जिसे वह मुजफ्फरनगर, हरिद्वार, रायवाला के रास्ते दून लेकर पहुंचे। यहां से मालदेवता के रास्ते पहाड़ी क्षेत्र में ले जाने की तैयारी में थे। संभावना है कि आरोपी काफी समय से इस तरह शराब की तस्करी कर रहे थे।

### मोतीचूर रेंज में तैनात वन दरोगा की मौत

ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में तैनात वन दरोगा की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुनकर उनके पिता को गहरा सदमा लगा और गांव में उन्होंने भी दम तोड़ दिया। रेंज कर्मियों ने वन दरोगा की मौत पर शोक जताया है। मंगलवार को राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज में शोक सभा का आयोजन किया गया। मोतीचूर रेंजर आलोकी ने बताया कि रेंज में तैनात वन दरोगा उदय सिंह रौथाण (55) की सोमवार शाम एम्स में मौत हो गई। वह अपने आवास में बेहोशी की हालत में मिले थे, इसके बाद साथी कर्मचारियों ने उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया। परिजन उन्हें शव को मलकोट गांव गैरसैंण चमोली ले गए। पुत्र की मौत की खबर सुनकर गांव में उनके पिता दीवान सिंह की भी मौत हो गई। इस दौरान रेंज के कर्मचारियों ने मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उप वन क्षेत्राधिकारी एसपी जखमोला, उप वन क्षेत्राधिकारी डीपी सुयाल, वन आरक्षी रीना, प्रियंका भट्ट, दिनेश सिंह, कृष्णकांत गौड़ आदि उपस्थित रहे।

### क्रिकेटर विराट कोहली ने पत्नी संग लिया संतों का आशीर्वाद

ऋषिकेश। ऋषिकेश के शीशमझाड़ी स्थित दयानंद आश्रम में ठहरे क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर संतों से आशीर्वाद लिया। इस दौरान विराट ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। निजी सुरक्षा कर्मी उनके चारों और पहरा देते रहे। विराट कोहली मां सरोज कोहली, पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ बीते सोमवार देर शाम शीशमझाड़ी ऋषिकेश में पीएम मोदी के आध्यात्मिक गुरु स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम पहुंचे थे। मंगलवार को दूसरे दिन कोहली ने सुबह सबेरे पत्नी के साथ गंगा के दर्शन किए। गंगा दर्शन के बाद सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दयानंद आश्रम में योग साधना की। मुंबई के रहेजा बिल्डर्स की ओर से दोपहर 12 बजे आश्रम में एक धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारे में पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण कर रहे साधु संतों से क्रिकेटर कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का ने आशीर्वाद लिया।

# महाराज ने दिये नंदा गौरा देवी कन्या धन योजना आवेदन की तिथि बढ़ाने के निर्देश

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव हरिश्चंद्र सेमवाल को नंदा गौरा देवी कन्या धन योजना आवेदन की तिथि को 01 माह की अवधि तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

प्रदेश के प्रदेश के पंचायती राज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के सचिव हरिश्चंद्र सेमवाल को नंदा गौरा देवी कन्या धन योजनाष के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2023 को अतिरिक्त 01 माह की अवधी तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो कि फंक्शनल मर्जर को लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के हड़ताल पर जाने के कारण ष्नंदा गौरा देवी कन्या धन योजना के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के कई आवश्यक दस्तावेज जो पंचायत विभाग के माध्यम से बनाए जाते हैं उनके न बनने से वह आवेदन नहीं कर पा रहे थे। अब चूंकि पंचायत मंत्री श्री महाराज के दखल के बाद ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली है इसलिए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नंदा गौरा देवी कन्या धन योजनाष के आवेदन की अंतिम तिथि जो कि 31 जनवरी 2023 थी उसे एक माह अतिरिक्त बढाये जाने को कहा है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सचिव हरिश्चंद्र सेमवाल को आवेदन की तिथि 1 माह और बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने पंचायत कर्मियों से कहा कि हड़ताल से हुए नुकसान की भरपाई जरूरी है इसलिए वह मुस्तैदी के साथ काम करें।

श्री महाराज ने कहा कि पंचायतों में काम की गति को बढ़ाया जाए ताकि सतत विकास लक्ष्यों को समय पर हासिल किया जा सके। श्री महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी के फंक्शनल मर्जर के शासनादेश को स्थगित किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया।



# रोजगार मेले में हुआ 15 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अल्मोड़ा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 30 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सभी का साक्षात्कार हुआ और 15 योग्यताधारी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद प्रोडेक्शन ट्रेनी और सेल्स ऑफिसर पद के लिये चयन हुआ। रोजगार मेले में रुद्रपुर की स्टील क्रेडिट केयर नेटवर्क और डिस्टल ऐजुकेशन एंड टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने भाग लिया।

कंपनी के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए। रोजगार मेले में कुल 30 अभ्यर्थियों ने आवेदन कर भाग लिया था। इस मौके पर यंग प्रोफेशनल योजना के तहत प्रतिभागियों को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही निशुल्क योजनाओं और इसमें रजिस्ट्रेशन के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। रोजगार मेले में मनोज बिष्ट, यंग प्रोफेशनल के दिनेश रावत आदि ने सहयोग किया।

# उत्तराखण्ड की झांकी को देश में प्रथम स्थान के लिये किया गया पुरस्कृत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। गणतंत्र दिवस पर विभिन्न राज्यों की झांकियों में उत्तराखण्ड की ङ्गमानसखण्डङ्ग झांकी को प्रथम स्थान के लिये पुरस्कृत किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने यह पुरस्कार प्रदान किया। उत्तराखण्ड सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी ने राज्य की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। संयुक्त निदेशक श्री के0एस0चौहान भी इस मौके पर मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में यह पहला अवसर है जब उत्तराखण्ड राज्य की झांकी को प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश विदेश के लोग मानसखण्ड के साथ ही उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति से भी परिचित होंगे। मुख्यमंत्री ने झांकी को पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रदेशवासियों, सूचना विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों और झांकी बनाने वाले कलाकारों तथा झांकी में सम्मिलित सभी कलाकारों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन के उपरान्त मानसखण्ड पर आधारित झांकी प्रस्तावित की गई थी। श्री केदारनाथ व श्री बदरीनाथ की तर्ज पर कुमाऊ के पौराणिक मंदिरों के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मानसखण्ड मंदिर माला मिशन योजना पर काम किया जा रहा है। जिसमें इन प्रमुख मंदिरों का विकास होना है। मुख्यमंत्री धामी के विजन के अनुसार पहले चरण में करीब 2 दर्जन से अधिक मंदिरों को इसमें शामिल किया गया है। इनमें जागेश्वर महादेव, चितई गोलज्यू मंदिर, सूर्यदेव मंदिर, नंदादेवी मंदिर कसारदेवी मंदिर, झांकर सैम मंदिर पाताल भुवनेश्वर, हाटकालिका मंदिर, मोस्टमाणु मंदिर, बेरीनाग मंदिर, मलेनाथ मंदिर, थालकेदार मंदिर, बागनाथ महादेव, बैजनाथ मंदिर, कोट भ्रामरी मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर गुफा, गोल्ज्यू मंदिर, निकट गोरलचैड मैदान, पूर्णागिरी मंदिर, वाराही देवी मंदिर देवीधुरा, रीठा मीठा साहिब, नैनादेवी मंदिर, गर्जियादेवी मंदिर, कैंचीधाम, चैती (बाल सुंदरी) मंदिर, अटरिया देवी मंदिर व नानकमत्ता साहिब प्रमुख रूप से शामिल किए गए हैं।

इस वर्ष कर्तव्य पथ, नई दिल्ली गणतंत्र दिवस समारोह में उत्तराखण्ड राज्य की ओर से ङ्गमानसखण्डङ्ग की झांकी प्रदर्शित की गई थी। 18 कलाकारों के दल ने भी झांकी में अपना प्रदर्शन किया। झांकी का थीम सांग ङ्गजय हो कुमाऊं, जय हो गढ़वालाङ्ग को पिथौरागढ़ के प्रसिद्ध जनकवि जनार्दन उप्रेती ने लिखा था तथा उसको सौरभ मैठाणी और साथियों ने सुर दिया था। इस थीम गीत के निर्माता पहाड़ी दगडिया, देहरादून थे।

# डीडीए बोर्ड बैठक में 10 प्रस्ताव पारित

न्यूज वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर। जिला विकास प्राधिकरण की 15 वीं बोर्ड बैठक में 10 प्रस्ताव पारित किए गए। निर्णय लिया गया कि 50 वर्ग मीटर तक के व्यावसायिक भवन में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने पर भूमि के सर्किल रेट का 10 फीसदी और न्यूनतम 50 हजार रुपये शुल्क लिया जाएगा। इस शुल्क की रकम से पार्किंग सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। वहीं पेट्रोल पंपों के उच्चीकरण शुल्क को लैंड कॉस्ट के 75 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी करने पर सहमति बनी। वहीं किच्छा मार्ग पर संन्यासी दुधिया बाबा आश्रम को सरकार की ओर से 30 वर्ष पूर्व आवंटित भूमि के पट्टे में कुष्ठ रोगियों के बच्चों के लिए इंटर कॉलेज निर्माण का मानचित्र पारित करने का निर्णय लिया गया।

ऊधमसिंह नगर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मंडलायुक्त और अध्यक्ष जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण दीपक रावत की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हुई। बोर्ड बैठक में 12 प्रस्ताव रखे गए। इसमें 10 प्रस्ताव पर बोर्ड ने सहमति प्रदान की। वहीं दो प्रस्ताव अस्वीकार किए गए। बोर्ड बैठक में बायलॉज को लेकर भी चर्चा हुई। इससे संबंधित शासनादेश पर मंथन किया गया।

इस दौरान मैसर्स टैकमेट इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के कार्मिकों ने रुद्रपुर एवं काशीपुर महायोजना-2041 के ड्राफ्ट का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें बोर्ड सदस्यों ने शिक्षा, चिकित्सा, ट्रान्सपोर्टेशन, पार्किंग, ट्रैफिक, प्रदूषण नियंत्रण, सीवर लाइन, वाटर सप्लाई, फायर सर्विस आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विभिन्न दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान लैंड यूज चेंज के कई मामलों में मानचित्र पारित करने पर भी सहमति बनी।

बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश काण्डपाल, सचिव जिला विकास प्राधिकरण एनएस नबियाल, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, अभय प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता विजय कुमार माथुर, मुख्य नगर नियोजक शशि मोहन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

37 करोड़ से बनेगी मल्टीस्टोरी पार्किंग

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की बैठक में मल्टीस्टोरी पार्किंग को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्राधिकरण के उपाध्यक्ष हरीश चन्द्र कांडपाल ने बताया कि सिंचाई विभाग की करीब डेढ़ एकड़ भूमि विकास प्राधिकरण के नाम स्थानांतरित कर दी गई है। करीब 37 करोड़ की डीपीआर और डिजाइन नियोजन विभाग को भेजा गया है। नियोजन विभाग की ओर से स्वीकृति और धनराशि आवंटित होने पर निर्माण शुरू किया जाएगा। इस पार्किंग की क्षमता करीब 600 चोपहिया वाहनों को पार्क करने की होगी।

# बर्फबारी और मलबे से बंद हुए मोटर मार्गों पर यातायात शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। रविवार को बर्फबारी और मलबा आ जाने से बंद हुए अधिकांश मोटर मार्ग मंगलवार को यातायात के लिए खुल गए। मार्ग खुलने से स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली। हालांकि देवबन संपर्क मार्ग पर अभी पूरी तरह यातायात शुरू नही हो पाया। रविवार को बर्फबारी और बारिश से मलबा आ जाने से क्षेत्र कई प्रमुख मार्गों के साथ ही संपर्क मार्गों पर यातायात ठप हो गया था। सोमवार से ही लोक निर्माण विभाग ने स्नो कटर और जेसीबी से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया था। त्यूणी-चकराता-मसूरी-मलेथा राष्ट्रीय राजमार्ग, दारागाड-कथियान-त्यूणी, पुरोड़ी-रावना-डामटा, कोटी कनासर-बिनसौन होते हुए रजाणु-पिंगुवा, अणु-चिल्हाड अपर मोटर मार्ग, मागटी-पोखरी-ककनोई मोटर मार्ग, लोखंडी-लोहारी मोटर मार्ग, जाड़ी-सिजला मोटर मार्ग, बुल्हाड़ मोटर मार्ग पर मंगलवार सुबह दस बजे से यातायात बहाल कर दिया गया है। यातायात बहाल होने पर इन मार्गो से जुड़े स्थानीय लोगों को राहत मिली। मार्ग खुल जाने के बाद मंगलवार को लोगों ने अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने के लिए बाजारों का रुख किया, जिससे स्थानीय बाजारों में भी चहल पहल नजर आई।

# दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर दी अहम जानकारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर। क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को गुरुद्वारा श्रीनानकमत्ता साहिब में एक दिवसीय भ्रमण कराया गया। इस बीच खेल भी आयोजित किए गए। इस दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम बीआरसी से शुरू हुआ। इसमें विभिन्न विद्यालयों के विशेष आवश्यकता वाले 26 बच्चे सम्मिलित हुए। टीम प्रभारी जशोद मेहता व राकेश सुमन के नेतृत्व में भ्रमण दल गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब दर्शन, ऐतिहासिक संग्रहालय, सरोवर, नानकसागर डैम होते हुए ताज पैलेस पहुंचे। यहां बिल्डिंग ब्लॉक्स, चित्रकला, गुब्बारे फुलाना, डांस आदि गतिविधियां कराई गईं। फाउंडेशन से सतीश चौहान ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मिलने वाली सुविधाएं के बारे में विस्तार से बताया। सांकेतिक भाषा में अल्फाबेट्स की जानकारी दी। भारत विकास परिषद के मोहित अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल व विशाल गोयल ने बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। इस अवसर पर समावेशित शिक्षा प्रशिक्षण प्राप्त अजय सिंह क्वीरा व मुनीष सक्सेना ने बच्चों को स्वयं की देखभाल करने की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन खिलानंद अटवाल ने किया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह, निमाई चंद्र माझी, दर्शना, सुमनलता, सुरजीत सिंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेरोजगारी भत्ते को लेकर चल रहा धरना समाप्त

रुडकी। भगवानपुर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा और झबरेड़ा के पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के बाहर हबीबपुर निवादा गांव के ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे धरने को समाप्त कराया। मनरेगा में काम न मिलने पर रोजगार भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन शुरू किया था। सोमवार को हबीबपुर निवादा के रणवीर सिंह, नरेश कुमार, गोविंद कुमार, अखिलेश, वीरवति, लाजवंती, अमित कुमार, दीपा, मोनू, सविता, सुदेश, अनारकली आदि ने धरना दिया। बताया कि उन्होंने मनरेगा में काम के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पाया है। जिस पर उन्होंने बेरोजगारी भत्ता दिए जाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया है। मंगलवार को ग्रामीण धरने पर बैठे रहे। जेएम आशीष कुमार मिश्रा और पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल भी धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें मनरेगा के तहत रोजगार दिया जाएगा। इसके बाद धरना समाप्त हो गया।

### मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकने हेतु बायो फेंसिंग बैरियरों का उपयोग करें: डॉ. धनंजय

विकासनगर। वन आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र रामपुर मंडी में आयोजित कार्यशाला में मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए फेंसिंग बैरियरों के स्थान पर लेमनग्रास, एगेव, रामबांस और मिर्च जैसे बायो-फेंसिंग बैरियरों का उपयोग करने पर जोर दिया गया। तीन दिनों तक चलने वाली कार्यशाला में वन कर्मियों के कार्य, जिम्मेदारी और फॉरेस्ट गर्वनेंस पर मंथन किया जाएगा। मंगलवार को वन आरक्षी प्रशिक्षण केंद्र रामपुर मंडी में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन ने किया। पहले उन्होंने मानव-वन्य जीव संघर्ष के कारण और निवारण की जानकारी दी। बताया कि विकास और जनसंख्या वृद्धि के कारण वृहत अधिवासों का विखंडन और वन क्षेत्रों के आकार में संकुचन के परिणामस्वरूप वन्य जीवों के प्राकृतिक पर्यावास की क्षति हुई है। जीवों के शिकार से कम होते हुए शिकार आधार के कारण मांसाहारी जंतु शिकार की खोज में वनों से बाहर निकल रहे हैं। बताया कि नीलगाय जैसे वन्य जंतु खाद्य चारे की खोज में कृषि क्षेत्रों में विचरण करते हैं, जिससे फसलों को क्षति पहुंचती है। परिणामस्वरूप किसानों की आजीविका प्रभावित होती है। इसके साथ ही वनीय जिलों में सडकों और रेलवे ट्रैक जैसी कनेक्टिविटी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या जंतुओं के स्वतंत्र विचरण को प्रतिबंधित करती है, जिससे मानव-पशु संघर्ष को बढ़ावा मिलता है। कृषि और बागवानी भूमि के विकास के लिए मानव द्वारा संरक्षित वन खंडों पर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे वन्य जीवों के आवास का रकबा घट रहा है। उन्होंने बताया कि मानव और वन्य जीवों के संघर्ष को रोकने के लिए इलेक्ट्रिक फेंसिंग के बजाय लेमनग्रास, एगेव, रामबांस और मिर्च जैसे बायो-फेंसिंग बैरियरों का उपयोग करना चाहिए। जो कृषि क्षेत्रों और वन्य गांवों में वन्यजीवों के हमले को रोकने के लिए एक किफायती और पर्यावरण अनुकूल तरीके हैं। वन क्षेत्रों में जानवरों के लिए पर्याप्त खाद्य सामग्री और जल की पर्याप्तता सुनिश्चित की जानी चाहिए, जिससे कि वन्य जीव मानव बस्तियों का रुख न करें। इसके साथ ही पारंपरिक ज्ञान के उपयोग, अनुसंधान और अकादमिक संस्थानों की सहभागिता तथा मानव वन्यजीव संघर्ष परिस्थितियों का प्रबंधन करने में विशेषज्ञता रखने वाले प्रमुख-स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है।

### विधायक चौहान ने किए सीवरलाइन सफाई हेतु आधुनिक उपकरणों से युक्त वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना

विकासनगर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सीवलाइन चोक होने की समस्या से अब जनता को निजात मिल जाएगी। जल संस्थान को सीवरलाइन की सफाई के लिए अत्याधुनिक उपकरण मुहैया हो गए हैं। मंगलवार को वाहनों पर लगे लाखों की लागत के आधुनिक उपकरणों को विधायक मुन्ना चौहान ने हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। नगर पालिका क्षेत्र में सीवरलाइन सत्तर के दशक में बिछाई गई थी, जो साल दर साल बढ़ती आबादी का भार नहीं झेल पा रही है। जिससे अक्सर सीवरलाइन चोक होकर गंदगी सडक़ों और गलियों में उफनने लगती है। विधानसभा के चुनाव के दौरान भाजपा ने इस समस्या से निजात दिलाने का वादा किया था। मंगलवार को 60 लाख की लागत से तैयार जैटिंग मशीन, सेक्शन मशीन, सीवर लाइन डी-शेलटिंग मशीन और अन्य आधुनिक उपकरण लगे वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इन उपकरणों से समय समय पर सीवरलाइन की सफाई होने पर अब जनता को सीवर चोक होने की समस्या से निजात मिलेगी।

### केदारावाला में लगा विद्युत समाधान शिविर, दर्ज 30 शिकायतों का मौके पर समाधान

विकासनगर। ऊर्जा निगम की ओर से विकासनगर तहसील क्षेत्र के केदारावाला गांव में समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में तीस शिकायतें दर्ज की गयी। इनमें सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ऊर्जा निगम ने शिविर के दौरान नब्बे हजार रुपये की बकायेदारों से वसूली भी की। ऊर्जा निगम की ओर से अधिशासी अभियंता विद्युत मीटर प्रशांत पंत की अध्यक्षता में केदारावाला गांव में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली के मीटरों में खराबी, बिजली के बढ़े हुए बिल, बिजली की झूलती तारें व जर्जर हाल पोल को लेकर कुल तीस शिकायतें दर्ज करायी गयी। इनमें सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। गांव में कई लोगों ने अपने बिजली के बिल जमा नहीं कराये थे। ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने इस दौरान बकायेदारों पर वसूली अभियान चलाया। जिसमें करीब नब्बे हजार रुपये की देनदारी बकायादारों से वसूल की गयी। इस मौके पर एसडीओ ऊर्जा निगम हरबर्टपुर अश्विन कुमार, एसडीओ मीटर योगेश कुमार, अवर अभियंता मीटर अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### विधायक के जनता दरबार में सडक़, पेयजल, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रखी

विकासनगर। सहसपुर विधानसभा की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक सहदेव पुंडीर ने सुद्धोवाला स्थित कैंप कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। जनता की ओर से सडक़, पेयजल, विद्युत, सिंचाई, स्वास्थ्य सेवा संबंधी समस्याएं रखी गईं। मंगलवार को जनता दरबार में होरावाला से आए ग्रामीण रंजन कुमार ने विधायक को बताया कि होरावाला, चांदपुर में लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी हुई है। यहां पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पेयजल लाइन जर्जर हो चुकी है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा है। कंडोली से आए रमेश कुमार, दीपचंद, जसवंत कठैत ने कहा कि गांव में लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

# जी-20 : अभेद्य होगी मेहमानों की सुरक्षा : डीजीपी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। मई और जून में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों को पूरा कर लिया है। मेहमानों की सुरक्षा के लिए निगरानी प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं। पुलिस वीवीआईपी आवागमन के लिए ट्रैफिक प्लान भी तैयार कर चुकी है। दयानंद आश्रम में क्रिकेटर विराट कोहली से मुलाकात करने पहुंचे डीजीपी अशोक कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत पुलिस ने जी-20 सम्मेलन में पहुंचने वाले मेहमानों की सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है।

आयोजन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में मेहमानों की निगरानी के लिए कई संवेदनशील स्थान चिह्नित किए गए हैं। वीवीआइपी काफिले के आवागमन को लेकर भी पुख्ता ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। मेहमानों के तीर्थक्षेत्र ऋषिकेश और सटे इलाकों में पहुंचने से पहले ट्रैफिक प्लान को परखा भी जाएगा। वहीं, उन्होंने जोशीमठ आपदा से चारधाम यात्रा को जोडक़र अफवाह फैलाने वालों से सतर्क रहने की अपील की है। बताया कि फिलहाल सभी यात्रा मार्ग सुरक्षित हैं। कहीं कोई दिक्कत होती है, इसे पुलिस के माध्यम से भी सार्वजनिक किया जाएगा।



# डीएम ने किया फर्स्ट रिस्पोंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय रोशनाबाद में फर्स्ट रिस्पोंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट, वाहन चालक, विद्यालय के छात्र-छात्राएं और प्रवर्तन दल आदि ने भाग लिया। डीएम ने लोगों से रेड लाइट जंप न करने, तेज गति से वाहन न चलाने, वाहन में अधिक क्षमता से भार न ले जाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने और नशे की हालत में वाहन का संचालन न करने की अपील की।

मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि किसी भी सडक़ दुर्घटना के समय पीड़ित व्यक्ति को सबसे पहले सहायता उपलब्ध कराने और पीड़ित व्यक्ति का जीवन बचाने में फर्स्ट रिस्पोंडर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फर्स्ट रिस्पोंडर का व्यावसायिक प्रशिक्षण होना बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण लेने के बाद दुर्घटना के समय पीड़ित व्यक्ति के जीवन को बचाने में काफी सहायता मिलती है। कार्यक्रम में आरटीओ देहरादून इंफोर्समेंट शैलेश तिवारी ने बताया कि हर साल सडक़ दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली जाती है। जागरूकता और प्रशिक्षित फर्स्ट रिस्पोंडर के माध्यम से लोगों की जान बच सकती है। इस मौके पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) रत्नाकर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) रश्मि पंत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रधानाचार्य की विदाई पर छात्र हुए भावुक, आखें हुई नम

विकासनगर। आम तौर पर किसी से बिछडने के गम में आंखें नम हो ही जाती हैं, लेकिन ऐसे बहुत कम मामले हैं जब किसी शिक्षक की विदाई के वक्त सारा स्कूल भावुक हो गया हो। विकासनगर ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्रपुर में मंगलवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां एक स्कूल के प्रिंसिपल की विदाई के वक्त स्कूल के छात्र भावुक हो गये और आंसू बहने लगे। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्रपुर के प्रधानाचार्य सुदर्शन प्रसाद खंडूडी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान पूरे विद्यालय परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। विद्यालय की छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया, जिससे वहां उपस्थित लोगों की आंखें भर आईं। सेवानिवृत्त हो रहे प्रधानाचार्य की लोकप्रियता का आलम यह था कि विदाई वक्त शायद ही कोई ऐसा हो, जिसकी आंखें न भर आई हों। स्कूल के छात्र और शिक्षकों ने प्रधानाचार्य खंडूडी के किए गए कामों को याद किया। छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल को बेहतर बनाने में खंडूडी सर का बहुत बड़ा योगदान रहा। उनकी मेहनत का नतीजा है कि बीते तीन वर्षों में विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कई छात्रों ने प्रदेश स्तर पर टॉप टेन में स्थान हासिल किया। शिक्षकों ने भी प्रधानाचार्य को अपना अभिभावक बताते हुए कहा कि विद्यालय और छात्र हित में उन्होंने अभिभावक की तरह निर्णय लिए। शिक्षकों ने उनसे अपना मार्गदर्शन देते रहने की गुजारिश की। इस दौरान राइका सोरना डोभरी के प्रधानाचार्य दिनेश नौटियाल, राजकीय शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कांति, ब्लॉक मंत्री सीपी नौटियाल, जेपी मिश्रा, जीएल धोरियाल, बलविंदर कौर, विनय सकलानी, सुनील कुमार, बीपी मैंदोला, मुन्ना अली, सुनील, पीटीए अध्यक्ष रेखा आदि मौजूद रहे।

## जमीन हड़पने और गारंटी चेक से रुपये निकालने का आरोप, केस दर्ज

विकासनगर। देहरादून निवासी एक व्यक्ति ने कर्ज के नाम पर जमीन हड़पने और गारंटी चेक से रुपये निकालने का दूसरे व्यक्ति पर आरोप लगाया है। सहसपुर पुलिस ने मामले में आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतीश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जीएमएस रोड देहरादून ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने दीपक बडोनी निवासी जीआरडी अकेडमी राजपुर देहरादून से डेढ़ करोड रुपये उधार लिए थे। दावा किया इस बदले उन्होंने अपनी खुशालपुर सहसपुर स्थित जमीन को दीपक बडोनी के पास गारंटी के रूप में गिरवी रखा था। इसका उन्होंने एग्रीमेंट दीपक बडोनी के नाम पर किया। इसके अलावा डेढ़ करोड रुपये का एक चेक भी दीपक बडोनी को दिया था। अब उनके पास रुपये हुए तो उन्होंने दीपक बडोनी को डेढ़ करोड़ रुपये वापस देने की पेशकश की। आरोप है कि दीपक बडोनी ने रुपये लेने से इनकार कर दिया और उनके द्वारा दिए गये चेक को बैंक में लगाकर कर उनके खाते से रुपये निकाल लिए। आरोप लगाया कि उनकी खुशालपुर स्थित गिरवी रखी गयी जमीन को भी हड़प लिया। आरोपी पक्ष अब न उनकी जमीन वापस लौटा रहे हैं और न ही उनके चेक को वापस लौटा रहे हैं। एसएसआई प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लापता किशोरी घर लौटी

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को एक गांव की किशोरी अचानक घर से लापता हो गयी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। किशोरी दूसरे दिन घर लौट आयी है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि माता पिता से नाराज होकर वह घर से निकली थी। रविवार को एक गांव की पंद्रह वर्षीय किशोरी अचानक घर से बिना बताये गायब हो गयी। परिजनों ने इधर-उधर तलाश की। लेकिन किशोरी का पता नहीं चल पाया। जिस पर किशोरी के परिजनों ने सहसपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस किशोरी की तलाश में जुट गयी।

# मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास, लंबे वक्त से नहीं मिल रहा था मौका



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। विजय ने आखिरी बार 2018 पर्थ टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जबकि उनकी राज्य की टीम तमिलनाडु के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन दिसंबर 2019 में रणजी ट्रॉफी में हुआ था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए एक आधिकारिक बयान में कहा, आज, मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करता हूं। 2002-2018 की मेरी यात्रा मेरे जीवन का सबसे शानदार वर्ष रहा है, क्योंकि यह खेल के उच्चतम स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान था।

भारत के लिए अपने 61 टेस्ट में, विजय ने 38.29 की औसत से 3982 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 15 अर्धशतक शामिल थे। वो 2014 के इंग्लैंड के टेस्ट दौरे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी थे। उन्होंने भारत के लिए 17 वनडे और नौ टी20 में भी भाग लिया, जिसमें क्रमशः केवल 339 और 169 रन बनाए।

उन्होंने कहा, मैं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) और चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा मुझे दिए गए अवसरों के लिए आभारी हूं। उन्होंने आगे कहा, मेरी टीम के सभी साथियों, कोचों, मेंटर्स और सहयोगी स्टाफ के साथ पल बिताना सौभाग्य की बात है, और मैं आप सभी को मेरे सपने को हकीकत में बदलने में मदद करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

अपने प्रथम श्रेणी करियर में, विजय ने 135 मैच खेले हैं, जिसमें 9205 रन बनाए हैं, जिसमें 25 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में, विजय 2010, 2011 और 2018 में ट्रॉफी जीतने वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के अभिन्न सदस्य थे।

विजय ने कहा, क्रिकेट प्रशंसकों ने अंतर्राष्ट्रीय खेल के उतार-चढ़ाव बाद भी मेरा समर्थन किया है। मैं हमेशा उन पलों को संजो कर रखूंगा जो मैंने आप सभी के साथ बिताए हैं और आपका समर्थन हमेशा मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने आगे कहा, अंत में, मैं अपने परिवार और दोस्तों को मेरे करियर के दौरान प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उनके बिना मैं वह हासिल नहीं कर पाता जो आज मेरे पास है। उन्होंने बताया, मैं यह घोषणा करने के लिए उत्साहित हूं कि मैं क्रिकेट की दुनिया में नए अवसरों की खोज करूंगा, जहां मैं उस खेल में भी भाग लेना जारी रखूंगा जिसे मैं प्यार करता हूं और नए वातावरण में खुद को चुनौती दे सकता हूं।

# स्मिथ को मिला ऐलन बॉर्डर पुरस्कार


मेलबर्न (एजेंसी)। स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया में साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर को मिलने वाला 'ऐलन बॉर्डर' मेडल सोमवार को चौथी बार हासिल कर लिया।

स्मिथ को इस पुरस्कार के लिये हुए चुनाव में 171 मत मिले, जबकि उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंदी ट्राविस हेड ने 144 मत प्राप्त किये। स्टीव इससे पहले 2015, 2018 और 2021 में यह पुरस्कार हासिल कर चुके हैं। वह रिकी पॉन्टिंग और माइकल क्लार्क के बाद यह पुरस्कार चार बार पाने वाले तीसरे क्रिकेटर हैं। कंगारू क्रिकेट टीम के कप्तान रह चुके स्मिथ ने 32 मैचों में 1524 रन बनाये, जिसमें चार शतक शामिल रहे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 71.92 की औसत से 863 रन जोड़े और ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट की नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसी बीच, बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर को मिलने वाला 'बेलिंडा क्लार्क मेडल' से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह पुरस्कार दूसरी बार प्राप्त किया है जबकि इससे पहले उन्हें 2021 में इससे नवाजा गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर का पुरस्कार डेविड वॉर्नर को दिया, जबकि टी20 में मार्कस स्टॉयनिस ने बाज़ी मारी। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का सम्मान दिया गया। उस्मान ने पिछले 12 महीनों को यादगार बनाते हुए 78.46 की औसत के 1020 रन बनाये, जिसमें उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी (195 नाबाद) शामिल रही।

## शॉ के अंदर आग, उन्हें तीसरे टी20 में मौका दें : कनेरिया

कराची (एजेंसी)। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने सुझाव दिया है कि भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले तीसरे और आखिरी टी20 मुकाबले में पृथ्वी शॉ को एकादश में शामिल करना चाहिये। कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में कहा, यह सीरीज का आखिरी मैच है। आपने देख लिया कि शुभमन गिल कैसा खेलते हैं। पृथ्वी शॉ एक प्रतिभावान युवा बल्लेबाज हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिये पहचाने जाते हैं। आप उन्हें शुभमन गिल की जगह टीम में ला सकते हैं। शॉ के अंदर आग है। अगर वह लगातार खेलते हैं तो कमाल कर सकते हैं। कनेरिया ने कहा, कोई संदेह नहीं कि शुभमन गिल एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन उन्हें अपनी कमियों पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ अपने खेल को बेहतर करने की जरूरत है। भारत (दूसरा टी20) जीत गया है लेकिन सुधार की जरूरत है। गिलनेअब तक अपने टी20 करियर के पांच मैचों में 15.2 की औसत और 128.82 के स्ट्राइक रेट से 76 रन बनाये हैं। दूसरी ओर, शॉ ने अपने करियर में सिर्फ एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला है जहां उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में गिल ने सिर्फ 11 रन बनाये, हालांकि भारत ने छह विकेट से जीतकर तीन मैचों की सीरीज बराबर कर ली।

# यूरोप में ही होगा रोनाल्डो के करियर का अंत : अल-नस्र कोच गार्सिया



रियाज (एजेंसी)। अल-नस्र फुटबॉल क्लब के कोच रूडी गार्यिसा ने कहा है कि पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अल-नस्र में अपना करियर खत्म नहीं करेंगे और जल्द ही यूरोप लौटेंगे।

गार्सिया ने यह बात लगातार दो मैचों में रोनाल्डो के गोल न कर पाने के बाद कही। सऊदी सुपर कप सेमीफाइनल में अल-नस्र को अल-इत्तेहाद के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। पुर्तगाल के 37 वर्षीय फुटबॉलर इस क्लब में शामिल होने के बाद से एक बार भी गोल नहीं कर सके हैं। गार्सिया ने कहा, क्रिस्टियानो रोनाल्डो टीम में एक महत्वपूर्ण जुड़ाव हैं क्योंकि वह डिफेंडरों को छिन्न-भिन्न करने में मदद करते हैं। गार्सिया ने हालांकि सेमीफाइनल में अल-इत्तेहाद के खिलाफ गोल से चूकने के लिये रोनाल्डो की आलोचना की। गार्सिया ने कहा, रोनाल्डो ने एक मौका गंवाया जो पहले हाफ में ही मैच को पलट सकता था लेकिन मैं अल इत्तेहाद को शुभकामनाएं देता हूं। वह (रोनाल्डो) दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों में से एक हैं। वह अपना करियर अल-नस्र में नहीं खत्म करेंगे। वह यूरोप लौटेंगे।

गार्सिया ने अपने खिलाडियों से आग्रह किया कि वे रोनाल्डो को पास दे-देकर दबाव न डालें और उनकी उपस्थिति से मंत्रमुग्ध न हो जायें।

उन्होंने कहा, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी सामान्य रूप से खेलें और हमेशा क्रिस्टियानो को गेंद देने की कोशिश न करें। मैंने उनसे कहा कि उन्हें मैदान पर सही फैसले लेने होंगे। जाहिर है, जब क्रिस्टियानो या तलिस्का अकेले होते हैं और बॉल मांगते हैं, तो हमें उन्हें बॉल देनी होगी।

# ग्राहम रीड ने कोच के पद से इस्तीफा दिया



भुवनेश्वर (एजेंसी)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच ग्राहम रीड ने विश्व कप 2023 में भारत के खराब प्रदर्शन के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है। हॉकी इंडिया ने इसकी पुष्टि की और कहा कि रीड ने विश्व कप के समापन के एक दिन बाद हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। घरेलू सरज़मीन पर लगातार दूसरी बार हुए पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत ने नौवां स्थान हासिल किया था। अपने पूल में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत ने क्रॉसओवर मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना किया, जहां उसे शूटआउट में 4-5 (फुल टाइम 3-3) से हार मिली थी।

रीड को अप्रैल 2019 में मुख्य कोच के पद पर नियुक्त किया गया था। भारत ने उनकी अगुवाई में टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। इसके अलावा भारतीय टीम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भी रजत पदक लाने में कामयाब रही थी।

रीड के इस्तीफे के बाद टिर्की और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने खिलाडियों एवं सपोर्ट स्टाफ से मिलकर टीम प्रदर्शन और भविष्य की नीतियों पर चर्चा की। रीड के साथ-साथ विश्लेषण कोच ग्रेग क्लार्क और वैज्ञानिक सलाहकार मिचेल डेविड पेंबरटन ने भी अपने-अपने इस्तीफे टिर्की के सुपुर्द किये। तीनों कोच अगले तीन महीने की अवधि के लिये भारतीय टीम से जुड़े रहेंगे।

रीड के यादगार कार्यकाल की शुरुआत के दो महीने बाद भारत ने एफआईएच सीरीज़ फाइनल का खिताब हासिल किया था। इसके कुछ महीने बाद टीम ने भुवनेश्वर में आयोजित चलिफायर जीतकर टोक्यो ओलंपिक में भी जगह बनायी थी। टोक्यो ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने के बाद भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021/22 में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। आस्ट्रेलिया की ओलंपिक रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रहे रीड ने करीब चार साल के अपने कार्यकाल के बारे में कहा, अब मेरे बाहर जाने और अगले प्रबंधन के हाथों में कमान देने का समय आ गया है। इस टीम और हॉकी इंडिया के साथ काम करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। मैंने इस शानदार सफर के हर पल का आनंद लिया है। मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। टिर्की ने रीड का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद कहा, भारत ग्राहम रीड और उनकी टीम का हमेशा आभारी रहेगी जिन्होंने देश को अच्छे परिणाम लाकर दिये हैं, खासकर ओलंपिक खेलों में। जैसे हर सफर एक नयी दिशा की ओर बढ़ता है, अब अपनी टीम के लिये नये दृष्टिकोण अपनाने का समय आ गया है।

# आम बजट से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी की उम्मीद




नयी दिल्ली (एजेंसी)। बढ़ती महंगाई से घर परिवार चलाने में आ रही परेशानियों के बीच आम लोगों को अगले वित्त वर्ष के आम बजट से बहुत उम्मीदें हैं और उनकी सबसे बड़ी आशा है कि इस बजट में ऐसे उपाय हो जिससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी आ सके।

उपभोक्ता डेटा इंटेलिजेंस कंपनी एक्सिस माई इंडिया ने इंडिया कंज्यूमर सेंटिमेंट इंडेक्स (सीएसआई) के निष्कर्ष जारी किये हैं जिसमें आम बजट से यह उम्मीद की गयी है। बजट पूर्व रिपोर्ट में आवश्यक वस्तुओं की कीमत में कमी को लेकर 2023 के बजट से सबसे बड़ी उम्मीद लगाई गई है। इसमें सामने आए प्रमुख अनुरोधों में से एक आयकर दरों में कमी है, जिससे मुद्रास्फीति से मुकाबला करने के लिए उपभोक्ताओं के पास अधिक पैसा उपलब्ध हो सकेगा।

देश भर के 6100 लोगों ने सर्वेक्षण में भाग लिया जिसमें 65 प्रतिशत ग्रामीण भारत से हैं जबकि 35 प्रतिशत शहरी हैं। 26 प्रतिशत उत्तरदाता सभी स्लैब में 5 प्रतिशत तक व्यक्तिगत आयकर दरों में कमी किये जाने की उम्मीद कर रहे हैं जबकि 32 प्रतिशत हाउसिंग लोन की ब्याज चुकौती छूट सीमा पर पुनर्विचार किये जाने की उम्मीद लगाये हैं। यह सर्वेक्षण 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 6100 लोगों के साथ कंप्यूटर-एडेड टेलीफोनिक साक्षात्कार के माध्यम से किया गया था।

एक्सिस माई इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप गुप्ता ने कहा, उपभोक्ता बेहतर जीवन और आजीविका की उम्मीद लगाए आगामी बजट घोषणाओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं और मूल्य नियंत्रण को लेकर उनमें काफी अपेक्षाएं हैं। उपभोक्ता उन विभिन्न उपायों की आशा भी कर रहे हैं जो सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में उठाएगी। कुल मिलाकर, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को 2023 में और विकास के लिए तैयार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति नागरिकों की भावनाओं को समझने का प्रयास किया गया। 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस वर्ष 'तेल की कीमतों' को भारतीय अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाला कारक माना। इसके अलावा 16-16 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 'मुद्रास्फीति' और 'आगामी 2024 आम चुनाव' को भी इस साल अर्थव्यवस्था पर असर डालने वाला कारक स्वीकार किया। सरकारी नीतियां और रूस यूक्रेन युद्ध क्रमशः 14 प्रतिशत और 11 प्रतिशत के लिए चिंता का विषय रहा।

उन्होंने कहा कि बहुमत के साथ 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि बजट में 'साबुन, डिटर्जेंट, खाना पकाने के तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कमी' को लेकर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। 54 प्रतिशत का मानना है कि इसमें आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी छूट के लिए भी ध्यान दिया जाना चाहिए जबकि 44 प्रतिशत जीएसटी को कम किये जाने की वकालत की है। 32 प्रतिशत चाहते हैं कि आवास ऋण छूट सीमा पर पुनर्विचार किया जाए।

# अजित डोभाल ने अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मिले से की मुलाकात

वाशिंगटन (एजेंसी)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए)अजित के. डोभाल ने अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल के अध्यक्ष मार्क मिले से मुलाकात की और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. डोभाल और मिले ने सोमवार को यहां इंडिया हाउस में मुलाकात की, जो अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू का आधिकारिक आवास है.

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने आज एनएसए अजित डोभाल से मुलाकात की. भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई. डोभाल अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन के साथ 'इनीशिएटिव फॉर क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी' (आईसीईटी) की पहली उच्च-स्तरीय बैठक के वास्ते एक प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका पहुंचे हैं. मई 2022 में तोक्यो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच बैठक के बाद पहली बार एक संयुक्त बयान में आईसीईटी का उल्लेख किया गया था.



संधू ने डोभाल के सम्मान में शाम को एक स्वागत समारोह आयोजित किया, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन, वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, उप विदेश मंत्री वेंडी शर्मन, राष्ट्रीय विज्ञान फाउंडेशन के निदेशक सेतुरमन पंचनाथन, नासा (राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन) के प्रशासक बिल नेल्सन सहित अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. स्वागत समारोह में उद्योग जगत के लोगों, शिक्षाविदों और शोध संस्थानों के सदस्यों ने शिरकत की.

संधू ने ट्वीट किया कि इंडिया हाउस में एक अनूठा और विशेष स्वागत. भारत के एनएसए अजित डोभाल, अमेरिका के एनएसए जेक सुलिवन, अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो, भारत और अमेरिका के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की मेजबानी कर खुशी हुई. महत्वपूर्ण व उभरती हुई तकनीक में द्विपक्षीय सहयोग के निर्माण पर व्यावहारिक बातचीत हुई. डोभाल ने सोमवार को यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भी शिरकत की थी.

# तालिबान का महिला सहायता कर्मियों पर प्रतिबंध कई मानवीय कार्यक्रमों को खत्म करने जैसा : ग्रिफिथ्स

संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र के विश्वव्यापी मानवीय अभियानों के प्रमुख मार्टिन ग्रिफिथ्स ने आगाह किया कि अफगानिस्तान में महिला सहायता कर्मियों पर तालिबान का प्रतिबंध कई महत्वपूर्ण मानवीय कार्यक्रमों को खत्म करने जैसा है। मार्टिन ग्रिफिथ्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर तालिबान ने अपने फरमान में कुछ अपवाद शामिल नहीं किए तो यह विनाशकारी होगा।



उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह अफगानिस्तान के विदेश मामलों और वित्त मंत्रियों सहित तालिबान के नौ अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह मामला उठाया था कि मानवीय कार्यों में अफगानिस्तानी महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्रिफिथ्स ने कहा, हमें धैर्य रखने के लिए कहा गया। हमें बताया गया कि तालिबान अधिकारियों द्वारा दिशानिर्देशों पर काम किया जा रहा है, जिसके तहत कथित तौर पर मानवीय कार्यों में महिलाओं की मौजूदगी की अनुमति दी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि तालिबान का लगातार यह संदेश देना कि महिलाओं के काम करने के लिए एक जगह होगी, यह थोड़ा तसल्ली देने वाला साथ ही एक महत्वपूर्ण संदेश है। ग्रिफिथ्स ने गत वर्ष 24 दिसंबर को जारी किए गए तालिबान के फरमान का जिक्र किया जिसके बाद से सहायता समूह अफगानिस्तानी महिलाओं को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के लिए 'प्रोग्रामिंग' के उप कार्यकारी निदेशक उमर आब्दी ने कहा कि 60 लाख अफगानिस्तानी आपातकालीन स्तर की खाद्य समस्या का सामना कर रहे हैं और अकाल से महज एक कदम दूर हैं।

# भारत अपने अमृत काल में प्रवेश करने की तैयारी कर रहा : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री ल निर्मला सीतारमण ने संसद में 'आर्थिक समीक्षा 2022-23' पेश करते हुए बताया कि जब विश्व वैश्विक महामारी के प्रभावों और वर्तमान में जारी एक युद्ध से उबर रहा है, भारत अपने अमृत काल में प्रवेश करने की तैयारी कर रहा है। यह युग एक ऐसे युग का वादा करता है जहां आर्थिक विकास को सामाजिक कल्याण से सहायता प्राप्त हो, जहां भारत आज प्रतिबद्ध है कि कोई भी वंचित न रह जाए और सुनिश्चित करता है कि इसके विकास और प्रगति के प्रभाव और लाभ अनगिनत संस्कृतियों, भाषाओं, भू-भागों से आगे बढ़कर, अपने सभी विविध तथा व्यापक जनसंख्या जो देश की वास्तविक संपदा का निर्माण करते हैं, तक पहुंच जाएं।आर्थिक समीक्षा में आगे कहा गया है कि सामाजिक कल्याण पर फोकस समसामयिक परिदृश्य में और भी अधिक विवेकपूर्ण बन गया है जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र एसडीजी 2030 को अपनाया है जो व्यापक, दूरगामी और लोक-केन्द्रित सार्वभौमिक और रूपांतरकारी लक्ष्यों एवं टार्गेटों का एक समूह है। इसमें से 17 लक्ष्य व्यक्तियों के सामाजिक कल्याण से संबंधित हैं और जिनमें संकल्प किया गया हैः ‡हम वर्तमान और 2030 के बीच सभी जगहों से निर्धनता और भूखमरी को खत्म करने; देशों के भीतर और देशों के बीच विषमताओं का मुकाबला करने; शांतिपूर्ण, न्यायपूर्ण और समावेशी समाजों का निर्माण करने; मानवाधिकारों की रक्षा करने तथा जेंडर समानता एवं महिलाओं तथा लड़कियों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने; और ग्रह तथा इसके प्राकृतिक संसाधनों की स्थायी सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हैं। हम राष्ट्रीय विकास तथा क्षमताओं के विभिन्न स्तरों पर ध्यान देते हुए, टिकाऊ, समावेशी तथा सतत आर्थिक विकास, सभी के लिए साझा समृद्धि तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए भी संकल्प लेते हैं।गरीबी की माप मुख्य रूप से एक अच्छे जीवन यापन के लिए मौद्रिक साधनों की कमी के रूप में की जाती है। हालांकि, परिभाषा के अनुसार 'गरीबी' के व्यापक निहितार्थ हैं और एक ही समय में कई नुकसान होते हैं- जैसे कि खराब स्वास्थ्य एवं कुपोषण, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल या बिजली, शिक्षा की खराब गुणवत्ता आदि की कमी। इसलिए अधिक व्यापक तस्वीर बनाने के लिए बहुआयामी गरीबी मापों का उपयोग किया जाता है।एमपीआई पर यूएनडीपी की 2022 की रिपोर्ट अक्तूबर, 2022 में जारी की गई थी और इसमें 111 विकासशील देशों को शामिल किया गया था। जहां तक भारत का संबंध है, 2019-21 के सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया गया है। इन अनुमानों के आधार पर, भारत में 16.4 प्रतिशत आबादी (2020 में 228.9 मिलियन लोग) बहुआयामी रूप से गरीब हैं जबकि अतिरिक्त 18.7 प्रतिशत को बहुआयामी गरीबी (2020 में 260.9 मिलियन लोग) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। भारत में 2005-06 और 2019-21 के बीच 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि राष्ट्रीय परिभाषाओं के अनुसार 2030 तक गरीबी में रहने वाले सभी उम्र के पुरूषों, महिलाओं एवं बच्चों के अनुपात को कम से कम आधा करने का एसडीजी के लक्ष्य 1.2 को उसके सभी आयामों में अर्जित करना संभव है।आधार राज्य द्वारा सामाजिक प्रदायगी के लिए एक अनिवार्य माध्यम है। 318 केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाएं तथा 720 से अधिक राज्य डीबीटी योजनाएं आधार अधिनियम 2016 की धारा 7 के तहत अधिसूचित हैं और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आधार सक्षम भुगतान प्रणालियां, जेएएम (जनधन, आधार और मोबाइल) ट्रिनिटी एक देश एक राशन कार्ड, कोविन जैसी विभिन्न पहलें वित्तीय सेवाओं, सब्सिडी और लाभों की लक्षित प्रदायगी के लिए आधार का उपयोग करती हैं। 135.2 करोड़ आधार नामांकन जेनरेट किए गए हैं 75.3 करोड़ निवासियों ने राशन का लाभ उठाने के लिए राशनकार्डों के साथ अपने आधार को लिंक किया है। इसमे यह भी कहा गया है कि 27.9 करोड़ निवासियों ने एलपीजी सब्सिडी के लिए रसोई गैस कनेक्शन के साथ आधार लिंक किया है तथा 75.4 करोड़ बैंक खातों को आधार के साथ लिंक किया गया है और आधार सक्षम भुगतान प्रणालियों (एईपीएस) के माध्यम से 1500 करोड़ से अधिक लेनदेन किए गए हैं।अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के साथ आय (जो भोजन तथा आश्रय जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता को निर्धारित करती है) तथा शिक्षा स्तरों के पारंपरिक मैट्रिक्स की तुलना में और अधिक तत्वों को शामिल करने के लिए जीवन की गुणवत्ता की संकल्पना को बढ़ा दिया गया है। अब इसमें स्वच्छ पेयजल की सुविधा, स्वच्छता, रोजगार संभावनाओं, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक सुरक्षा, संपर्क आदि शामिल हैं। ये सभी एक साथ मिलकर जीवन की गुणवत्ता को निर्धारित करते हैं। इसलिए सामाजिक जीवन पर फोकस का लक्ष्य ‡सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास‡ के विजन को अर्जित करना है।



# पीएम मोदी की विपक्षी दलों को सलाह, तकरार होगी, तकरीर भी होनी चाहिए; हमारे बजट पर पूरी दुनिया की नजर

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज की वैश्विक परिस्थिति में भारत के बजट की तरफ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व का ध्यान है। मोदी ने संसद परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि आज एक अहम अवसर है। भारत के वर्तमान राष्ट्रपति की आज पहली बार संयुक्त सदन को संबोधित करेंगी। आज नारी सम्मान का भी अवसर है। दूर सुदूर जंगलों में जीवन बसर करने वाले हमारे देश के महान आदिवासियों के सम्मान का समय है। आज न केवल सांसदो बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का पल है कि भारत के राष्ट्रपति का आज पहला संबोधन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का पहला अभिभाषण है, सभी सांसदों की तरफ से उमंग, उत्साह और ऊर्जा से भरा यह पल हो। मुझे विश्वास है कि सभी सांसद इस कसौटी पर खरे उतरेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की वित्त मंत्री भी महिला हैं। वह कल आम बजट लेकर संसद में आएंगी। आज की वैश्विक परिस्थिति में भारत के बजट की तरफ न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व का ध्यान है। विश्व की डंवाडोल आर्थिक परिस्थिति में बजट भारत के सामान्य लोगों की आशा को पूरा करने का प्रयास करेगा। मुझे उम्मीद है कि वित्त मंत्री इन आशाओं को पूरा करने के लिए पूरा जोर लगाएंगी।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले देश, सबसे पहले देशवासी, उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए इस बजट सत्र में भी तकरार भी रहेगी, लेकिन तकरीर भी तो होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि विपक्ष के सभी साथी बड़ी तैयारी के साथ, बहुत अध्ययन करके सदन में अपनी बात रखेंगे। मुझे आशा है सदन देश की नीति निर्धारण में बहुत ही अच्छी तरह से चर्चा करके अमृत निकालेगा। पीएम मोदी ने इस दौरान विपक्षी दलों को भी तैयारी की सलाह दी है। उन्होंने कहा, 'इस बजट सत्र में तकरार रहेगी, तो तकरीर भी तो होनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि विपक्ष के सभी साथी तैयारी के साथ अध्ययन करके सदन में अपनी बात रखेंगे।' इस दौरान उन्होंने संसद की परंपरा का जिक्र किया और कहा कि जब भी कोई नया सदस्य सदन में पहली बार अपनी बात रखता है, तो उनका सम्मान किया जाता है।31 जनवरी, (आरएनएस)

## राहुल गांधी में दिख रही है उम्मीद की किरण : महबूबा

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश से जो कुछ भी लिया गया है वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लौटाया जाएगा। श्रीमती मुफ्ती श्रीनगर में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर एक रैली को संबोधित कर रही थीं। रैली में भारी बर्फबारी के बीच कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और विपक्षी दलों के कई नेताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि राहुल जी ने कहा कि वह कश्मीर में अपने घर आए हैं। राहुल जी ये आपका घर है। मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर और इस देश से जो कुछ भी लिया गया है, वह राहुल द्वारा लौटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राहुल गांधी में आशा की किरण देख रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश को इस यात्रा की सख्त जरूरत थी।

## जम्मू-कश्मीर में अपराध दर पर अंकुश लगाने के लिए सीसीटीवी प्रणाली : दिलबाग सिंह

जम्मू (एजेंसी)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा है कि प्रदेश में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को लागू करने का उद्देश्य लोगों और आगंतुकों को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। सिंह सोमवार को यहां पुलिस मुख्यालय में पूरे केन्द्र शासित प्रदेश में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अपराध दर को रोकने में मदद करेगा और देश विरोधी तत्वों की पहचान और उन्हें पकड़ने में उपयोगी होगा। यह प्रणाली नागरिकों में सुरक्षित होने का विश्वास पैदा करने में मदद करेगी और पुलिस चौबीस घंटे नजर रखेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि परियोजना पर दिन-प्रतिदिन की गतिविधि को सदस्यों के बीच साझा किया जाना चाहिए और परियोजना के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरण गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में परियोजना को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए प्रेरित किया।

# दुनिया के लिए आशा की किरण बनेगा भारत का आम बजट : प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के बीच भारत का बजट आम नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेगा और साथ ही दुनिया के लिए आशा की किरण भी बनेगा। संसद के बजट सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की दुनिया की जानी-मानी आवाजें देश के लिए सकारात्मक संदेश ला रही हैं।




प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तकरार होगी लेकिन साथ ही उन्होंने उम्मीद भी जताई कि इस दौरान विपक्षी सदस्य तैयारी के साथ तकरीर भी करेंगे। उन्होंने कहा, आज की वैश्विक परिस्थिति में भारत के बजट की तरफ न सिर्फ भारत का, बल्कि पूरे विश्व का ध्यान है। विश्व की डांवाडोल आर्थिक परिस्थिति में भारत का बजट भारत के सामान्य जन की आशा-आकांक्षाओं को तो पूरा करने का प्रयास करेगा ही, लेकिन विश्व, जो आशा की किरण देख रहा है उसे वह और अधिक प्रकाशमान पाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इन अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए भरपूर प्रयास करेंगी। मोदी ने कहा कि आज का अवसर विशेष है क्योंकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह पहला अभिभाषण है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण भारत के संविधान का गौरव है, भारत की संसदीय प्रणाली का गौरव है और विशेष रूप से आज नारी सम्मान का भी अवसर है। दूर-सुदूर जंगलों में जीवन बसर करने वाले हमारे देश की महान आदिवासी परंपरा के सम्मान का भी अवसर आया है। मोदी ने कहा कि संसदीय कार्य में छह-सात दशक से जो परंपराएं विकसित हुई हैं, उन परंपराओं में देखा गया है कि अगर कोई भी नया सांसद पहली बार सदन में बोलने के लिए खड़ा होता है तो पूरा सदन उनको सम्मानित करता है।

उन्होंने कहा कि उनका आत्मविश्वास बढ़े, इसके लिए एक प्रकार से अनुकूल वातावरण तैयार किया जाता है जो कि एक उज्जवल और उत्तम परंपरा है। उन्होंने कहा, आज राष्ट्रपति का उद्बोधन भी उनका पहला उद्बोधन है। सभी सांसदों की तरफ से आज का यह पल उमंग, उत्साह और ऊर्जा से भरा हुआ हो, यह हम सबका दायित्व है। मुझे विश्वास है कि हम सभी सांसद इस कसौटी पर खरे उतरेंगे।प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार की कार्य संस्कृति के केंद्र बिंदु में भारत सर्वप्रथम, नागरिक सर्वप्रथम रहा है और उसी भावना को लेकर बजट सत्र में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, बजट सत्र में तकरार भी रहेगी लेकिन तकरीर भी तो होनी चाहिए। मुझे विश्वास है हमारे विपक्ष के सभी साथी बड़ी तैयारी के साथ, बहुत बारीकी से अध्ययन करके सदन में अपनी बात रखेंगे। देश के नीति निर्धारण में सदन बहुत ही अच्छे तरीके से चर्चा करके अमृत निकालेगा जो देश के काम आएगा।

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। संसद के केंद्रीय कक्ष में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से सत्र की शुरुआत हुई।सत्र के पहले दिन, दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पटल पर रखा गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट बुधवार को पेश किया जाएगा।


# सरकार सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में 'आर्थिक समीक्षा 2022-23' पेश करते हुए बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जिसे संयुक्त राष्ट्र एसडीजी (एसडीजी 4) के अंतर्गत लक्ष्य 4 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, का उद्देश्य 2030 तक 'समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है और सभी के लिए आजीवन सीखते रहने के अवसरों को बढ़ावा देना' है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) को 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति के रूप में निर्धारित किया गया था, जिसका लक्ष्य देश की कई बढ़ती विकास संबंधी आवश्यकताओं का पता लगाना था। यह नीति शिक्षा ढांचे के सभी पहलुओं में संशोधन और सुधार के लिए बनायी गई है। वित्त वर्ष 22 में सकल नामांकन अनुपात (जीआईआर) में सुधार और लिंग समानता में सुधार देखा गया। 6 से 10 वर्ष की आयु के लडक़े-लड़कियों की जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में कक्षा 1 से 5 के प्राथमिक नामांकन में वित्त वर्ष 22 में सकल नामांकन अनुपात में सुधार हुआ। इस सुधार ने वित्त वर्ष 17 और वित्त वर्ष 19 के बीच गिरावट की प्रवृत्ति को उलट दिया है। उच्च प्राथमिक स्तर पर सकल नामांकन अनुपात (11-13 वर्ष की आयु में जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में छठी से आठवीं कक्षा में नामांकन), जो वित्त वर्ष 17 और वित्त वर्ष 19 के बीच स्थिर था, वित्त वर्ष 22 में सुधार हुआ। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तरों पर संबंधित आयु समूहों में लड़कियों का सकल



नामांकन अनुपात लडक़ों की तुलना में बेहतर है। वित्त वर्ष 22 में कुल मिलाकर 26.5 करोड़ बच्चे स्कूलो में नामांकित हुए और 19.4 लाख अतिरिक्त बच्चों को प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक स्तर तक नामांकित किया गया। वित्त वर्ष 22 में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) का कुल नामांकन 22.7 लाख है, जबकि वित्त वर्ष 21 में यह 21.9 लाख था, जो 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पूर्व-प्राथमिक स्तर को छोडक़र सभी स्तरों अर्थात प्राथमिक, उच्च-प्राथमिक, नामांकन 1.1 करोड़ से घटकर वित्त वर्ष 22 में 1.0 करोड़ हो गया। वर्ष के दौरान पूर्व-प्राथमिक स्तर पर लगभग 1.0 करोड़, प्राथमिक पर 12.2 , उच्च प्राथमिक पर 6.7 करोड़, माध्यमिक पर 3.9 करोड़ और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 2.9 करोड़ बच्चों का नामांकन हुआ।

## संपादकीय




# सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान का अड़ियल रुख

भारत और पाकिस्तान के बीच की दशकों पुरानी सिंधु जल संधि फिर चर्चा में है. सिंधु नदी तंत्र में कुल बहाव क्षेत्र 11,165,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक है और अनुमान है कि इसमें सालाना लगभग 207 घन किलोमीटर पानी बहता है. इस हिसाब से यह दुनिया की 21वीं सबसे बड़ी नदी है. पाकिस्तान इस नदी पर पूरी तरह निर्भर है. पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र में सिंचाई के लिए अंग्रेजों ने जटिल नहर व्यवस्था बनायी थी. विभाजन के बाद इसका बड़ा हिस्सा पाकिस्तान में चला गया, जबकि मुख्य बांध भारत में रह गये. इससे उस देश के जमींदार पंजाबियों में बड़ी असुरक्षा पैदा हो गयी थी. कई वर्षों की सघन बातचीत के बाद विश्व बैंक की मध्यस्थता से दोनों देशों के बीच सिंधु जल समझौता हो सका. प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और राष्ट्रपति अयूब खान ने 19 सितंबर, 1960 को कराची में इस पर दस्तखत किये थे. संधि के अनुसार, तीन 'पूर्वी' नदियों- ब्यास, रावी और सतलज- का नियंत्रण भारत को मिला, तो तीन 'पश्चिमी' नदियों- सिंधु, चेनाब और झेलम- का नियंत्रण पाकिस्तान के हिस्से आया. चूंकि पाकिस्तान की नदियां पहले भारत से होकर बहती हैं, तो संधि में भारत को सिंचाई, आवागमन और बिजली उत्पादन के लिए उनका पानी इस्तेमाल करने की अनुमति मिली, पर संबंधित निर्माण कार्यों के लिए भी स्पष्ट नियमन कर दिये गये. संधि पाकिस्तान के इस डर का नतीजा थी कि सिंधु घाटी की नदियों के स्रोत भारत में हैं, तो वह पाकिस्तान में सूखे और अकाल की स्थिति पैदा कर सकता है, खासकर युद्ध की स्थिति में. समझौते के बाद तीन युद्ध हो चुके हैं, पर पानी का बहाव एक दिन के लिए भी नहीं रुका है. संधि को पाकिस्तान के लिए उदार भी माना जाता है क्योंकि पश्चिमी नदियों का 80 फीसदी पानी उसे ही मिलता है. सच तो यह है कि जरूरत की वजह से यह समझौता हुआ है, न कि किसी बड़प्पन के चलते. मुख्य कश्मीर घाटी अधिकतम मात्र सौ किलोमीटर ही चौड़ी है और इसका क्षेत्रफल 15,520.30 वर्ग किलोमीटर है. हिमालय घाटी को लद्दाख से और पीर पंजाल श्रेणी उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से अलग करते हैं. पीर पंजाल के चलते पानी का वितरण कहीं और कर पाना असंभव है. कश्मीर घाटी में भी पानी संग्रह करने का उपाय नहीं है. ऐसे में नदियों का पानी पाकिस्तान को जाता रहेगा. कुछ समय पूर्व कश्मीर विश्वविद्यालय में पृथ्वी विज्ञान के प्राध्यापक डॉ शकील अहमद रोमशू ने कहा था कि हमारे पास पानी के संग्रहण की व्यवस्था नहीं है. तकनीकी रूप से आप पानी को नहीं रोक सकते. अगर ऐसा हो भी जाता है, तो जलवायु संकट हमारे सामने है और दोनों देशों, ज्यादातर पाकिस्तान के लिए, इस कदम के गंभीर नतीजे होंगे. गंगा और ब्रह्मपुत्र घाटियों से उलट, जिन्हें मानसून से पानी मिलता है, सिंधु घाटी में अधिकांश पानी ग्लेशियरों के पिघलने से आता है. जलवायु परिवर्तन से हिमालयी ग्लेशियरों पर असर हो रहा है और सिंधु नदी घाटी में भी बदलाव दिखने लगा है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# बजट सत्र कल से, सत्ता पक्ष-विपक्ष तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र के पहले आज सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने जनगणना में जाति आधारित आर्थिक सर्वेक्षण कराने, सहकारी संघीय प्रणाली, किसान फसल बीमा, महिला आरक्षण जैसे मुद्दों पर सरकार से चर्चा कराने की मांग की लेकिन सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव एवं आम बजट पर चर्चा के दौरान इन सब विषयों पर चर्चा हो सकती है। संसद के पुस्तकालय भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि संसद का बजट सत्र कल शुरू हो रहा है। कल राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। परसों आम बजट पेश किया जाएगा। सदन में राष्ट्रपति के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव तथा आम बजट पर चर्चा होगी। इसके बाद 13 फरवरी को मध्यावकाश होगा। इसके बाद 13 मार्च से सदन की कार्यवाही शुरू होगी और तब वित्त विधेयक पारित होगा। जोशी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में 27 पार्टियों के 37 नेताओं ने शिरकत की। कांग्रेस पार्टी ने एक पत्र भेज कर सूचित किया है कि श्रीनगर में मौसम खराब होने के कारण विमान सेवाएं प्रभावित हुईं हैं जिससे पार्टी के नेता बैठक में भाग लेने में असमर्थ रहे। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत अच्छे एवं सकारात्मक माहौल में हुई। नेताओं ने कई मांगें की हैं। सरकार की ओर से शीतकालीन सत्र में कुछ मुद्दों पर अल्पकालिक चर्चा करायी गयी थी। वित्तीय अनुपूरक अनुदानों की मांग पर करीब 12-13 घंटे चर्चा हुई थी। उसमें सभी विषयों को उठाया गया था। इस बार भी सरकार ऐसा ही चाहती है। धन्यवाद प्रस्ताव एवं आम बजट पर चर्चा में सब मुद्दे आ सकते हैं। इसके अलावा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अधीन अनुमति से किसी भी मुद्दे पर अलग से भी चर्चा हो सकती है। बैठक में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने देश में पिछड़े वर्ग की आर्थिक स्थिति को जानने के लिए जाति आधारित आर्थिक जनगणना कराये जाने की मांग की। वाईएसआर कांग्रेस की इस मांग को तृणमूल कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड, बीजू जनता दल तथा कुछ अन्य पार्टियों का भी समर्थन मिला। वाईएसआर कांग्रेस के संसदीय दल के नेता वी. विजय साई रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सरकार से संसद की कार्यवाही के दिनों में कमी आने पर चिंता व्यक्त की तथा महिलाओं के लिए आरक्षण, ब्लू इकॉनोमी, पिछड़े वर्ग के कल्याण के मुद्दे उठाये। उन्होंने कहा कि देश में करीब 50 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है। पिछड़े वर्ग की जाति आधारित जनगणना की मांग पुरानी है। आज उन्होंने मांग की है कि पिछड़ी जातियों की आर्थिक स्थिति विशेष रूप से शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं रोजगार की स्थिति का आकलन किया जाना चाहिए, इसलिए जनगणना में जाति आधारित आर्थिक सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। इससे पिछड़े वर्ग की वास्तविक स्थिति का पता चल पाएगा। तेलंगाना राष्ट्र समिति के संसदीय दल के नेता केशव राव ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने सहकारी संघीय प्रणाली पर चर्चा की मांग की है। चूंकि सदन में राज्यपाल की भूमिका एवं गतिविधियों पर चर्चा नहीं हो सकती है इसलिए विपक्ष के कई दल संघीय व्यवस्था को लेकर चर्चा कराने के पक्ष में हैं। उन्होंने तमिलनाडु, तेलंगाना में राज्यपालों के आचरण के बारे में उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संसद में भी केवल सरकारी विधेयकों को पारित कराने के अलावा कुछ नहीं हो रहा है।

**लोकसभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया**

संसद के बजट सत्र से पहले लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज पूरे संसद भवन परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बिरला ने लोक सभा सचिवालय, सीपीडब्ल्यूडी और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के साथ संसद भवन परिसर में लोकसभा चैंबर, केन्द्रीय कक्ष, कॉरिडोर, लॉबी, प्रतीक्षालय और अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। सत्र के दौरान स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर ज़ोर देते हुए बिरला ने निर्देश दिया कि बजट सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियां एकजुट होकर काम करें।

# शिमरी थाई हाई स्लिट आउटफिट में अमायरा दस्तूर ने दी किलर स्माइल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अमायरा दस्तूर हिंदी, तमिल, तेलुगू फिल्मों में अपनी अदायगी का जलवा बिखेर चुकी हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेकरार किए रहती हैं। वहीं, अमायरा दस्तूर की लेटेस्ट तस्वीरों ने सोशल मीडिया का पारा हाई कर रखा है। महज 16 साल की उम्र में मॉडलिंग से करियर की शुरूआत करने वाली अमायरा दस्तूर आज इंडस्ट्री में एक जाना माना नाम हैं। अवार्ड शो में पहुंची अमायरा दस्तूर के किलर लुक को देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर थाई हाई स्लिट गाउन में बेहद ही बोल्ड अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। उनकी सितारे लगी ड्रेस देखकर फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ी हुई हैं। अमायरा दस्तूर ने इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। साथ ही अपने हुस्न के जलवे से फैंस पर बिजलियां गिरा रही हैं। हाथों में अवार्ड लिए अमायरा दस्तूर की किलर स्माइल देखकर कोई भी अपना दिल हार बैठे। साथ ही उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर धड़ाधड़ लाइक्स और कमेंट आ रहे हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीर पर हार्ट और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। साथ ही अक्सर अपनी नई-नई फोटो वीडियो शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने ये ड्रेस पहनकर लाखों फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन फॉलोवर्स हैं। अमायरा दस्तूर इंडस्ट्री में एक अलग ही पहचान रखती हैं। साथ ही वो कई विज्ञापनों में भी नजर आ चुकी हैं।





# शिवांगी जोशी छोटे पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस शिवांगी जोशी ने अपने अंदाज से लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक्ट्रेस ने ये रिश्ता क्या कहलाता है की नायरा बनकर सालों तक लोगों के दिलों पर राज किया। इसके बाद वह बालिका वधू की आनंदी बनकर भी दर्शकं के दिलों पर छाई रहीं। बालिका वधू के बाद से शिवांगी जोशी काफी वक्त से टीवी पर नजर नहीं आईं। लेकिन खास बात तो यह है कि एक्ट्रेस जल्द ही छोटे पर्दे पर वापसी करने वाली हैं। दरअसल, शिवांगी जोशी को लेकर यह खबर आ रही है कि वह एकता कपूर के धमाकेदार शो के जरिए टीवी पर वापसी करेंगी।

शिवांगी जोशी को लेकर माना जा रहा है कि वह एकता कपूर के अपकमिंग शो ब्यूटी एंड द बीस्ट में अहम भूमिका अदा करती दिखाई देंगी। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस से जुड़े सूत्र ने दी है। शिवांगी जोशी को लेकर सूत्र ने कहा, एक्ट्रेस एक अहम रोल के साथ शो में एंट्री करेंगी। उन्हें ओपनिंग एपिसोड में देखा जाएगा और उनका किरदार स्टोरी को आगे बढ़ाने में मददगार होगा। वह राजपरी का डबल रोल अदा करेंगी। ओपनिंग एपिसोड की प्लानिंग भी बड़े स्तर पर हो रही है और सात दिनों के अंदर-अंदर शूटिंग की जाएगी। पहला एपिसोड एक घंटे के लिए टेलीकास्ट होगा, जिससे कहानी की नींव रखी जा सके।

# पैन इंडिया फिल्म माइकल का ट्रेलर रिलीज, संदीप किशन ने दिया एक्शन का तगड़ा डोज

आने वाले दिनों में साउथ की एक से बढक़र एक फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाली हैं। माइकल भी इन्हीं में शुमार है। इस फिल्म को लेकर इसलिए भी दर्शक उत्साहित हैं, क्योंकि इसमें साउथ के दो बड़े और शानदार अभिनेता अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। एक विजय सेतुपति और दूसरे संदीप किशन, वहीं यह पैन इंडिया फिल्म है। जाहिर है हिंदी भाषी दर्शक भी इसकी राह देख रहे हैं। अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

ट्रेलर में संदीप उर्फ माइकल का खतरनाक अंदाज देखने को मिल रहा है, उनके फाइट सीन देखने लायक हैं। ट्रेलर में ताबड़तोड़ एक्शन और एक इमोशनल लव स्टोरी देखने को मिल रही है। दिव्यांशा कौशिक के साथ संदीप की केमिस्ट्री देखते ही बनती है। वह फिल्म में उनकी प्रेमिका बनी हैं। फिल्म में उनका रोमांस भुनाया गया है। ट्रेलर के बैकग्राउंड में चल रहा म्यूजिक भी कानों को सुकून देता है, वहीं सेतुपति भी पूरे टशन में दिख रहे हैं। 2023 में साउथ की कई फिल्में आने वाली हैं। इसी महीने की शुरुआत में माइकल की रिलीज डेट सामने आई थी। यह फिल्म 3 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। रंजीत जयकोडी के निर्देशन में बनी यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज की जाएगी। यह जानकारी फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने दी थी। यह संदीप की पहली पैन इंडिया फिल्म है और इसे दर्शकों के बीच लाने के लिए वह बेहद उत्साहित हैं।

सामंथा रुथ प्रभु की तेलुगु फिल्म शाकुंतलम भी एकसाथ कई भाषाओं में आएगी, वहीं सुपरस्टार नानी की अगली फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। सालार से लेकर पुष्पा 2 और पोन्नियन सेल्वन 2 जैसी कई पैन इंडिया फिल्में दर्शकों के बीच आ रही हैं।

संदीप, धनुष के साथ पैन इंडिया फिल्म कैप्टन मिलर में नजर आएंगे। उनकी तमिल फिल्म नरगसूरन भी चर्चा में है। तेलुगु फिल्म ओरु पेरु भैरवाकोना भी उनकी आगामी फिल्मों में शुमार है। संदीप तमिल फिल्मों के स्टार हैं। प्रशंसकों के बीच उनकी एक अलग ही दीवानगी है। उन्होंने तेलुगु फिल्म प्रस्थानम से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, एक्टर बनने से पहले संदीप असिस्टेंट डायरेक्टर थे। 2011 में आई शोर इन द सिटी उनकी पहली हिंदी फिल्म थी।

बीता साल साउथ सिनेमा के लिए काफी खास रहा। गूगल की टॉप-10 फिल्मों की सूची में छह फिल्में साउथ की थीं। बॉलीवुड के मुकाबले साउथ फिल्मों का पलड़ा भारी रहा। इस सूची में केजीएफः चैप्टर 2 साल की दूसरी सबसे ज्यादा सर्च की गई फिल्म थी। एसएस राजामौली की आरआरआर चौथे स्थान पर थी। पांचवां स्थान कन्नड़ फिल्म कांतारा को, छठा अल्लू अर्जुन की पुष्पा को, जबकि सातवां स्थान कमल हासन की एक्शन थ्रिलर फिल्म विक्रम को मिला था।